बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

**प्रेस विज्ञप्ति**

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणाम घोषित किए**

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने 38.2% की मजबूत वृद्धि के साथ वित्त वर्ष'24 की नौमाही के लिए रु. 12,902 करोड़ का निवल लाभ दर्ज किया**

**महत्त्वपूर्ण बातें**

- **31 दिसंबर, 2023 तक वैश्विक कारोबार 10.7% बढ़कर रु. 22,94,627 करोड़ तक पहुंच गया।**
- **वित्त वर्ष'24 की तीसरी तिमाही में निवल लाभ वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 18.8% बढ़कर रु. 4,579 करोड़ रहा।**
- **तिमाही में आस्तियों पर प्रतिलाभ(आरओए) 1.20% और वित्त वर्ष'24 की नौमाही में 1.15% रहा।**
- **वित्त वर्ष'24 की नौमाही में इक्विटी पर प्रतिलाभ(आरओई) वर्ष-दर-वर्ष 168 बीपीएस बढ़कर 18.70% रहा।**
- **लाभप्रदता में वृद्धि वित्त वर्ष'24 की नौमाही में वर्ष-दर-वर्ष 18.8% की सुदृढ़ परिचालनगत आय वृद्धि से समर्थित रही।**
- **वित्त वर्ष'24 की नौमाही में गैर-ब्याज आय में 1.5 गुणा की वृद्धि हुई जिसका स्तर रु. 10,304 करोड़ रहा जिसके फलस्वरूप परिचालनगत लाभ में वृद्धि हुई।**
- **वित्त वर्ष'24 की नौमाही में आय में बेहतर वृद्धि के साथ-साथ परिचालनगत व्यय में नियंत्रित वृद्धि के फलस्वरूप परिचालनगत आय में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 21.7% की वृद्धि दर्ज की गई।**
- **वित्त वर्ष'24 की नौमाही में लागत-आय अनुपात वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 123 बीपीएस की कमी के साथ 47.13% रहा।**
- **वैश्विक निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) में क्रमिक रूप से 3 बीपीएस का सुधार हुआ और वित्त वर्ष'24 की दूसरी तिमाही की 3.07% की तुलना में वित्त वर्ष'24 की तीसरी तिमाही में यह 3.10% रहा।**
- **वित्त वर्ष'24 की नौमाही में निवल ब्याज मार्जिन (NIM) 3.14% रहा।**
- **बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने अपनी आस्ति गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है और जीएनपीए वर्ष-दर-वर्ष 145 बीपीएस कम होकर वित्त वर्ष'23 की तीसरी तिमाही के 4.53% से घटकर 3.08% हो गया है।**
- **बैंक का एनएनपीए वित्त वर्ष'24 की तीसरी तिमाही में वर्ष-दर-वर्ष 29 बीपीएस घटकर 0.70% हो गया, जबकि वित्त वर्ष'23 की तीसरी तिमाही में 0.99% था।**
- **बैंक ऑफ़ बड़ौदा का तुलन-पत्र, टीडब्ल्यूओ के साथ 93.39% और टीडब्ल्यूओ के बिना 77.70% के मजबूत प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) के साथ सुदृढ़ रहा।**
- **वित्त वर्ष'24 की नौमाही में ऋण लागत 1% से नीचे 0.69% और तिमाही में 0.39% पर बनी रही।**
- **31 दिसंबर, 2023 तक तरलता कवरेज अनुपात (एलसीआर) 133% के मजबूत स्तर पर रहा।**
- **रिटेल ऋण बही में सुदृढ़ वृद्धि के कारण बैंक ऑफ़ बड़ौदा के वैश्विक अग्रिमों में वित्त वर्ष'24 की तीसरी तिमाही में वर्ष-दर-वर्ष 13.6% की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। ऑटो ऋण (24.3%), गृह ऋण (15.6%), वैयक्तिक ऋण (60.8%), मॉर्गेज ऋण (10.5%), शिक्षा ऋण (18.3%) जैसे उच्च संकेंद्रण वाले क्षेत्रों में वृद्धि के कारण बैंक के ऑर्गेनिक रिटेल अग्रिमों में 22% की वृद्धि हुई।**

**लाभप्रदता**

- बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने वित्त वर्ष'24 की तीसरी तिमाही में 4,579 करोड़ रुपये का स्टैंडअलोन निवल लाभ दर्ज किया जो वित्त वर्ष'23 की तीसरी तिमाही में 3,853 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष'24 की नौमाही के लिए निवल लाभ 12,902 करोड़ रुपये (वर्ष-दर-वर्ष 38.2% की वृद्धि) रहा जो कि वित्त वर्ष'23 की नौमाही के लिए 9,334 करोड़ रुपये था।
- वित्त वर्ष'24 की तीसरी तिमाही में निवल ब्याज आय (एनआईआई) वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 2.6% बढ़कर 11,101 करोड़ रुपये रही। वित्त वर्ष'24 की नौमाही के लिए निवल ब्याज आय (एनआईआई) ने 10.4% की वृद्धि दर्ज की एवं यह 32,929 करोड़ रुपये रही।
- वित्त वर्ष'24 की नौमाही के लिए गैर-ब्याज आय वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 57.1% बढ़कर 10,304 करोड़ रुपये रही।
- वित्त वर्ष'24 की तीसरी तिमाही में वैश्विक एनआईएम में क्रमिक आधार पर 3 बीपीएस का सुधार हुआ और यह 3.10% रही। वित्त वर्ष'24 की नौमाही के लिए वैश्विक एनआईएम 3.14% रही।
- वित्त वर्ष'24 की तीसरी तिमाही में अग्रिमों पर परिलब्धि बढ़कर 8.51% हो गई जो वित्त वर्ष'23 की तीसरी तिमाही में 7.78% थी।
- वित्त वर्ष'24 की तीसरी तिमाही में जमा लागत 4.96% रही, जो वित्त वर्ष'23 की तीसरी तिमाही में 4.01% थी।
- वित्त वर्ष'24 की तीसरी तिमाही के लिए परिचालनगत आय 13,912 करोड़ रुपये रही। वित्त वर्ष'24 की नौमाही के लिए परिचालनगत आय 43,233 करोड़ रुपये रही जिसमें 18.8% की वृद्धि दर्ज हुई।
- वित्त वर्ष'24 की तीसरी तिमाही के लिए परिचालनगत लाभ 7,015 करोड़ रुपये रहा। (एमटीएम के प्रभाव को छोड़कर, वित्त वर्ष'23 की तीसरी तिमाही के लिए परिचालनगत लाभ 7,482 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष'24 की तीसरी तिमाही के लिए 7,307 करोड़ रुपये होता)
- वित्त वर्ष'24 की नौमाही के लिए परिचालनगत लाभ 21.7% बढ़कर 22,859 करोड़ रुपये रहा।
- वित्त वर्ष'24 की तीसरी तिमाही के लिए लागत-आय अनुपात 49.57% रहा।
- आस्ति पर प्रतिलाभ (वार्षिकीकृत) वित्त वर्ष'23 की तीसरी तिमाही के 1.13% से बढ़कर वित्त वर्ष'24 की तीसरी तिमाही में 1.20% हो गया।
- वित्त वर्ष'24 की तीसरी तिमाही के लिए इक्विटी पर प्रतिलाभ (वार्षिकीकृत) 19.91% हो गया। वित्त वर्ष'24 की नौमाही के लिए आरओई वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 168 बीपीएस बढ़कर 18.70% रहा।
- समेकित इकाई के लिए, वित्त वर्ष'24 की तीसरी तिमाही में निवल लाभ 4,789 करोड़ रुपये रहा, जबकि वित्त वर्ष'23 की तीसरी तिमाही में यह 4,306 करोड़ रुपये था।

**आस्ति गुणवत्ता**

- वित्त वर्ष'24 की तीसरी तिमाही में बैंक का सकल एनपीए वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 22.8% कम होकर 32,318 करोड़ रुपये हो गया और सकल एनपीए अनुपात वित्त वर्ष'23 की तीसरी तिमाही के 4.53% की तुलना में सुधरकर वित्त वर्ष'24 की तीसरी तिमाही में 3.08% हो गया।
- वित्त वर्ष'24 की तीसरी तिमाही में बैंक का निवल एनपीए अनुपात वित्त वर्ष'23 की तीसरी तिमाही के 0.99% कि तुलना में 0.70% के निचले स्तर पर रहा।
- वित्त वर्ष'24 की तीसरी तिमाही में बैंक का प्रावधान कवरेज अनुपात टीडबल्यूओ सहित 93.39% और टीडबल्यूओ को छोड़कर 77.70% रहा।

- वित्त वर्ष'24 की नौमाही के लिए स्लिपेज अनुपात वित्त वर्ष'23 की नौमाही के 1.22% से घटकर 1.06% रहा। वित्त वर्ष'24 की तीसरी तिमाही में स्लिपेज अनुपात 1% से कम होकर 0.95% हो गया जो वित्त वर्ष'23 की तीसरी तिमाही में यह 1.05% था।
- ऋण लागत वित्त वर्ष'24 की तीसरी तिमाही के लिए 0.39% एवं वित्त वर्ष'24 की नौमाही के लिए 0.69% रही।

## पूंजी पर्याप्तता

- दिसंबर'23 में बैंक का सीआरएआर 14.72% रहा। दिसंबर'23 को टियर-I 12.67% (CET-1 11.11%, AT1 1.56% पर) और टियर-II 2.05% पर रहा।
- समेकित इकाई का सीआरएआर और सीईटी-1 क्रमशः 15.14% और 11.62% रहा।
- चलनिधि कवरेज अनुपात (एलसीआर) समेकित रूप से 133% रहा।

## व्यवसाय कार्यनिष्पादन

- बैंक का वैश्विक अग्रिम बढ़कर 10,49,327 करोड़ रुपये हो गया, इसमें वर्ष-दर-वर्ष 13.6% की वृद्धि हुई।
- बैंक का घरेलू अग्रिम बढ़कर 8,62,086 करोड़ रुपये हो गया, इसमें वर्ष-दर-वर्ष 13.4% की वृद्धि हुई।
- वैश्विक जमाराशि वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 8.3% बढ़कर 12,45,300 करोड़ रुपये रही।
- घरेलू जमाराशि दिसंबर'23 में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 6.3% बढ़कर 10,67,371करोड़ रुपये रही।
- दिसंबर'23 में अंतर्राष्ट्रीय जमाराशि वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 22.1% बढ़कर 1,77,929 करोड़ रुपये रही।
- ऑटो ऋण (24.3%), गृह ऋण (15.6%), वैयक्तिक ऋण (60.8%), मॉर्गेज ऋण (10.5%), शिक्षा ऋण (18.3%) जैसे उच्च संकेंद्रण क्षेत्रों में वृद्धि के कारण ऑर्गेनिक रिटेल अग्रिमों में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 22% की वृद्धि हुई।
- कृषि ऋण पोर्टफोलियो वर्ष-दर-वर्ष 12.6% बढ़कर 1,34,240 करोड़ रुपये रहा।
- कुल स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो (रिटेल और कृषि सहित) 45,074 करोड़ रुपये का रहा, जिसमें वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 28.3% की वृद्धि हुई।
- ऑर्गेनिक एमएसएमई पोर्टफोलियो वर्ष-दर-वर्ष 12.6% बढ़कर 1,15,995 करोड़ रुपये रहा।
- कॉर्पोरेट अग्रिमों में वर्ष-दर-वर्ष 10.2% की वृद्धि दर्ज की गई और यह 3,62,813 करोड़ रहा।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

### *31 दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही का वित्तीय परिणाम*

| *विवरण (रु. करोड़ में)* | *Q3FY23* | *Q2FY24* | *Q3FY24* | *वर्ष-दर-वर्ष (%)* | *9MFY23* | *9MFY24* | *वर्ष-दर-वर्ष (%)* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्याज से आय | 23,540 | 27,862 | 28,605 | 21.5 | 63,732 | 83,023 | 30.3 |
| ब्याज पर व्यय | 12,722 | 17,031 | 17,504 | 37.6 | 33,901 | 50,094 | 47.8 |
| शुल्क से प्राप्त आय | 1,490 | 1,996 | 1,543 | 3.6 | 4,284 | 5,046 | 17.8 |
| निवल ब्याज आय (NII) | 10,818 | 10,831 | 11,101 | 2.6 | 29,831 | 32,929 | 10.4 |
| परिचालनगत आय | 14,370 | 15,002 | 13,912 | -3.2 | 36,391 | 43,233 | 18.8 |
| परिचालनगत व्यय | 6,138 | 6,982 | 6,897 | 12.4 | 17,600 | 20,373 | 15.8 |
| परिचालन लाभ | 8,232* | 8,020 | 7,015 | -14.8 | 18,791 | 22,859 | 21.7 |
| कुल प्रावधान (कर के अलावा) और आकस्मिक व्यय | 2,404 | 2,161 | 666 | -72.3 | 5,717 | 4,774 | -16.5 |
| जिनमें से, NPA अशोध्य कर्ज निरस्तीकरण के लिए प्रावधान | 817 | 2,285 | 1,007 | 23.3 | 4,031 | 4,986 | 23.7 |
| कर-अदायगी से पूर्व लाभ | 5,828 | 5,859 | 6,349 | 8.9 | 13,074 | 18,085 | 38.3 |
| कर हेतु प्रावधान | 1,976 | 1,606 | 1,769 | -10.5 | 3,740 | 5,183 | 38.6 |
| निवल लाभ | 3,853 | 4,253 | 4,579 | 18.8 | 9,334 | 12,902 | 38.2 |

* वित्त वर्ष'23 की तीसरी तिमाही के लिए एमटीएम प्रावधान को छोड़कर परिचालन लाभ 7,482 करोड़ रुपये होता।

### व्यावसायिक स्थिति

| *विवरण (रु. करोड़ में)* | *31 दिसंबर, 2022* | *30 सितंबर, 2023* | *31 दिसंबर, 2023* | *वर्ष-दर-वर्ष(%)* |
|---|---|---|---|---|
| घरेलू जमा राशि | 10,03,737 | 10,74,114 | 10,67,371 | 6.3 |
| घरेलू कासा (CASA) | 4,17,812 | 4,28,320 | 4,34,337 | 4.0 |
| वैश्विक जमा राशि | 11,49,507 | 12,49,647 | 12,45,300 | 8.3 |
| घरेलू अग्रिम | 7,60,249 | 8,34,723 | 8,62,086 | 13.4 |
| जिसमें से, रिटेल लोन पोर्टफोलियो (ऑर्गेनिक) | 1,66,861 | 1,93,682 | 2,03,627 | 22.0 |
| वैश्विक अग्रिम राशि | 9,23,878 | 10,24,501 | 10,49,327 | 13.6 |
| एनआईएम वैश्विक % | 3.37 | 3.07 | 3.10 | (27 बीपीएस) |

**प्रमुख अनुपात**

| विवरण | वित्त वर्ष'23 की तीसरी तिमाही | वित्त वर्ष'24 की दूसरी तिमाही | वित्त वर्ष'24 की तीसरी तिमाही |
|---|---|---|---|
| आस्ति पर प्रतिलाभ (%) | 1.13 | 1.14 | 1.20 |
| CRAR (%) | 14.93 | 15.30 | 14.72 |
| CET-1 (%) | 10.83 | 11.57 | 11.11 |
| सकल एनपीए (%) | 4.53 | 3.32 | 3.08 |
| निवल एनपीए (%) | 0.99 | 0.76 | 0.70 |
| पीसीआर (टीडब्ल्यूओ के साथ) (%) | 92.34 | 93.16 | 93.39 |

**31 जनवरी, 2024**
**मुंबई**

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बारे में

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ("बैंक") 20 जुलाई, 1908 को स्थापित भारतीय राज्य के स्वामित्व वाला एक बैंकिंग और वित्तीय सेवा संगठन है, जिसका मुख्यालय भारत के गुजरात में वडोदरा (जो पहले बड़ौदा के नाम से जाना जाता था) में है। 'वैकल्पिक तंत्र' योजना के तहत, सरकार ने विजया बैंक और देना बैंक का बैंक ऑफ़ बड़ौदा के साथ समामेलन की घोषणा की जो 1 अप्रैल, 2019 को लागू हुआ।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा भारत के सबसे बड़े बैंकों में से एक है, जिसकी 8,211 घरेलू शाखाओं और 11,030 एटीएम एवं स्वयं-सेवा चैनलों द्वारा समर्थित कैश रिसाइक्लर्स के साथ मजबूत उपस्थिति है। 17 देशों में फैले 92 विदेशी कार्यालयों के नेटवर्क के साथ बैंक की महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति है।

हमें विजिट करें:-

वेबसाइट: www.bankofbaroda.com
फेसबुक: https://www.facebook.com/bankofbaroda/
ट्विटर: https://twitter.com/bankofbaroda
यूट्यूब: https://www.youtube.com/bankofbaroda
इंस्टाग्राम: https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
लिंक्डइन: https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:

**श्री इयान डिसूज़ा**
**मुख्य वित्तीय अधिकारी**
**बैंक ऑफ़ बड़ौदा**
**मुंबई**
**Cfo.bcc@bankofbaroda.co.in**